कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, टोंक (राज.)

क्रमांक : निविदा/2025-26/624 दिनांक : 15/07/2025

खुली बोली (दर संविदा) आमन्त्रण निविदा संख्या ....

(नवसृजित विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), टोंक जिला-टोंक के कार्यालय के लिए इलेक्ट्रोनिक आईटम (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर/फोटो स्टेट मशीन/एयर कंडीशनर (मय Installation) क्रयार्थ)

वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस कार्यालय के नियन्त्रणाधीन **नवसृजित विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), टोंक जिला-टोंक** के कार्यालय_ हेतु कम्प्यूटर मय प्रिन्टर/फोटो स्टेट मशीन/एयर कंडीशनर (मय Installation) क्रय किये जाने हेतु दोहरी लिफाफा पद्धति में उक्त सामग्री के निर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं/विक्रेताओं/उप-विक्रेताओं से निम्नानुसार मोहरबंद निविदाऐं आमंत्रित की जाती है :-

क्र. सं.	नाम सामग्री	अनुमानित लागत	बोली प्रतिभूति राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	निविदा प्रपत्र विक्रय हेतु उपलब्ध	निविदा प्रस्तुत करने की दिनॉक व समय	निविदा खोलने की दिनांक व समय
1.	कम्प्यूटर मय प्रिन्टर/ फोटो स्टेट मशीन/ एयर कंडीशनर (मय Installation)	04.55 लाख	9100/-	200/-	25-07-2025 12.00 PM	25-07-2025 02.00 PM	25-07-2025 04.30 PM

1. निविदादाता द्वारा अपनी दरें संलग्न निविदा प्रपत्र में ही प्रस्तुत की जावेगी। बोली फार्म कार्यालय से राशि 200/- नगद भुगतान कर अथवा विभागीय वेबसाईट **https://https://tonk.dcourts.gov.in/** अथवा वेबसाईट **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर **Online Download** कर प्राप्त किया जा सकता है लेकिन ऐसे आवेदन के साथ रूपये 200/- मात्र का बोली फार्म शुल्क का डिमान्ड ड्राफ्ट जिला एवं सेशन न्यायाधीश, टोंक के नामे (**Payable at Tonk**) तकनीकी बिड लिफाफे में संलग्न करना होगा।
2. बोलीदाताओं को अपना प्रस्ताव बोली सूचना में दिए गए निर्देशों के अनुसार समुचित रूप से मुहरबंद लिफाफे में बंद किया जाना आवश्यक है। निविदा द्विपदीय लिफाफा प्रक्रिया में होगी। तकनीकि लिफाफा में निविदा शर्ते, 2 प्रतिशत (9100.00 रुपये) बोली प्रतिभूति राशि का डी.डी. व अन्य दस्तावेज रखे जावेगे। द्वितीय लिफाफा वित्तीय बिड का होगा जिसमें वित्तीय प्रपत्र ही रखा जावेगा। दोनों लिफाफे एक बड़े लिफाफे में रखे जावेगें। लिफाफे पर **"नवसृजित विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), टोंक जिला-टोंक के कार्यालय के लिए इलेक्ट्रोनिक आईटम (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर/फोटो स्टेट मशीन/एयर कंडीशनर (मय Installation) क्रयार्थ"** हेतु निविदा लिखा जाना होगा।
3. आर.टी.पी.पी. अधिनियम, 2012 व आर.टी.पी.पी., 2013 एवं सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम तथा समय-समय पर जारी विभागीय दिशा-निर्देश के समस्त सम्यक् प्रावधान इस बोली आमंत्रण पर लागू होंगे। इस डॉक्यूमेन्ट व उक्त अधिनियम/नियम के प्रावधानों में विरोधाभास होने पर अधिनियम/नियम के प्रावधान प्रभावी माने जावेंगे।

4. निविदा लिफाफा दिनांक 25.07.2025 को समय दोपहर 02.00 बजे तक कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए, जिसे उसी दिन समय सायं 04.30 बजे अध्यक्ष, क्रय समिति के समक्ष निविदादाताओं की उपस्थिति में खोला जावेगा। सर्वप्रथम तकनीकि बिड खोली जावेगी सफल निविदादाता का ही वित्तीय बिड का लिफाफा खोला जावेगा।

05. उपापन संस्था न्यूनतम दर वाली बिड को स्वीकार किए जाने के लिए बाध्य नहीं है तथा वह किसी भी बिड को या उसके किसी भी भाग को बिना कोई कारण बताए रद्द कर सकेगी तथा समस्त मामलों में उपापन कमेटी का निर्णय अन्तिम एवं मान्य रहेगा।

अध्यक्ष
(क्रय समिति)
जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
टोंक

क्रमांक : निविदा/2025-26/625-631 दिनांक : 15/07/2025

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. माननीय रजिस्ट्रार जनरल महोदय, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर
2. नोटिस बोर्ड चस्पा जिला कलेक्टर कार्यालय/स्थानीय कार्यालय/नगर परिषद्/ जिला परिषद, टोंक।
3. सिस्टम ऑफिसर, जिला न्यायालय, टोंक को विभागीय वेबसाईट https://https://tonk.dcourts.gov.in/ एवं एसपीपीपी पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर अपलोड करने हेतु।
4. कार्यालय हाजा नोटिस बोर्ड चस्पा।

अध्यक्ष
(क्रय समिति)
जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
टोंक

कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, टोंक (राज.)

क्रमांक : निविदा/2025-26/624 दिनांक : 15/07/2025

निविदा प्रपत्र (तकनीकी बिड)
(निविदा सूचना संख्या .... दिनांक ....)

नवसृजित विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), टोंक जिला-टोंक जिला-टोंक के कार्यालय के लिए इलेक्ट्रोनिक आईटम्स (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, फाटो स्टेट मशीन, एयर कंडीशनर (मय Installation)) क्रयार्थ दर संविदा

(निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम दिनांक 25.07.2025) 12.00 पी.एम. तक	(निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक 25.07.2025) 2.00 पी.एम. तक	(निविदा खोलने की दिनांक 25.07.2025) 04.30 पी.एम.

निविदा प्रपत्र शुल्क 200 रूपये

1. बिड मूहरबंद लिफाफे में, जिसके उपर संबंधित बिड का विवरण तकनीकी बिड **''नवसृजित विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), टोंक जिला-टोंक के कार्यालय के लिए इलेक्ट्रोनिक आईटम्स (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, फाटो स्टेट मशीन, एयर कंडीशनर (मय Installation)) क्रयार्थ बिड''** अंकित हो, जिला एवं सेशन न्यायाधीश, टोंक के कार्यालय में दिनांक 25.07.2025 को दोपहर 02.00 पी.एम. तक पहुँच जानी चाहिए।
2. प्राप्त तकनीकी बिड को दिनांक 25.07.2025 को सायं 04.30 से उपस्थित बिडदाताओ या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएगी। तकनीकी बोली में सफल घोषित बोलीदाताओं की ही वित्तीय बोलियाँ खोली जावेंगी।
3. बिड शूल्क रू. 200/- डी.डी./नकद रसीद नं. .... दिनांक......................
(जिला एवं सेशन न्यायाधीश, टोंक के नाम टोंक मुख्यालय पर भुगतान योग्य)
4. बोली प्रतिभूति राशि 2 प्रतिशत अर्थात का डीडी जिला एवं सेशन न्यायाधीश, टोंक के नाम देय होगा। निविदा शुल्क एवं प्रतिभूति राशि का डीडी तकनीकि बिड लिफाफा में डाला जावें।
5. तकनीकी बिड को अलग लिफाफे में जिसपर तकनीकी बिड लिख हो एवं वित्तीय बिड को अलग लिफाफे में जिसपर वित्तीय बिड लिखा हो को रख कर मुहरबंद कर दोनो ही लिफाफे को एक बडे लिफाफे में रखा जाना है और उस बडे लिफाफे के उपर **''नवसृजित विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), टोंक जिला-टोंक** के **कार्यालय के लिए इलेक्ट्रोनिक आईटम्स (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, फाटो स्टेट मशीन,** एयर **कंडीशनर (मय Installation)) क्रयार्थ बिड''** अंकित होना चाहियें।
6. बिड द्विभाग बोली के रूप में आमंत्रित की गयी है। बोलीदाता की तकनीकी क्षमता हेतु निम्न दस्तावेज की स्वयं प्रमाणित प्रति संलग्न करनी आवश्यक होगी-

क्र.सं.	विवरण	बोलीदाता द्वारा भरा जावे
1.	1. बोलीदाता फर्म का पूरा नाम एवं पता (पंजीयन प्रमाण पत्रानुसार)	
	2. फोन नंबर **STD Code** सहित	
	3. ई मेल आई डी	
	4.अधिकृत व्यक्ति का नाम एवं पद **(Authorised signatory)** (अधिकृति पत्रसंलग्न करावें)	
	5. मोबाईल नम्बर	
2.	बोली किससे संबंधित है	जिला एवं सेशन न्यायाधीश, टोंक

बिडदाता के हस्ताक्षर

मय मूहर

3.	बोली का सन्दर्भ	निविदा संख्या .... क्रमांक– निविदा/2025/दिनांक ....
4	निविदा प्रपत्र शुल्क जमा का विवरण	रूपये 200/– डी0डी0/नगद डीडी नम्बर/रसीद नं. .... दिनांक ....
5	बोली प्रतिभूति राशि 2 प्रतिशत (9100/–) डीडी "जिला एवं सेशन न्यायाधीश, टोंक" के नाम से संलग्न करें।	डीडी नम्बर .... दिनांक .... राशि ....
6	**PAN No.** (पेन कार्ड) की स्वयं प्रमाणित प्रति संलग्न करें।	
7	अन्तिम एवं नवीनतम आयकर रिटर्न की स्वयं प्रमाणित प्रति संलग्न करें।	
8	**GST Registration No.** (रजिस्ट्रेशन पत्र की स्वयं प्रमाणित प्रति संलग्न करे)	
9	अन्तिम एवं नवीनतम **GST** रिटर्न की स्वयं प्रमाणित प्रति संलग्न करें।	
10	फर्म के बैंक खाते का विवरण : 1. बैक का नाम 2. ब्रांच का नाम 3. खाता संख्या 4. **IFSC** कोड	
11	राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत वित विभाग के परिपत्र संख्या 3/2013 दि. 04.02.13 के अनुसार **Annexure –A,B,C,D** भी बोली एवं अनुबंध का भाग है अतः **Annexure –A,B,C,D** बिडदाता द्वारा हस्ताक्षरित संलग्न करें	
12	क्या फर्म को कभी केन्द्र या किसी राज्य सरकार द्वारा काली सूची **(Black Listed)** में दर्ज किया गया है? यदि हॉ तो विवरण देवे और यदि नहीं तो **Annexure –E** में रु.50 के स्टाम्प पेपर पर घोषणा करें।	
13	बोलीदाता के बोनाफाईड विनिर्माता/थोक विक्रेता/एकमात्र सोल या उप वितरक/ प्राधिकृत डीलर/डीलर/सोल विक्रेता/विपणन एजेन्ट होने के संबंध में घोषणा एस0आर0 11 संलग्न करें **Annexure –F**	
14	प्राईज फाल क्लोज के अन्तर्गत बिडदाता द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा संलग्न करें **Annexure – G**	
15	**Annexure –H** मानकों के अनुसार सामग्री आपूर्ति की घोषणा 100/– रुपये के स्टॉम्प पर करें।	
16	संलग्न **Annexure –I** हस्ताक्षरित ।	

बोली दस्तावेजों में परिवर्तन :–बोली प्रस्तुत करने के लिए अन्तिम समय सीमा से पूर्व किसी भी समय उपापन संस्था किसी कारण से चाहे स्वप्रेरणा पर या बोली लगाने वाले के द्वारा स्पष्टीकरण के लिए किसी अनुरोध के परिणाम स्वरूप धारा 23 के उपबन्धों के अनुसार युक्तिका जारी करके बोली दस्तावेजों को उपान्तरित कर सकेगी।

मय मुहर

बिडदाता के हस्ताक्षर

मै/हम **जिला एवं सेशन न्यायाधीश, टोंक** द्वारा जारी की गई निविदा संख्या ...... /2025 क्रमांक– निविदा/2025/.............. दिनांक .... में वर्णित समस्त शर्तो तथा संलग्न पत्रों (जिसके समस्त पृष्ठों पर हमने उसमें वर्णित शर्तो की स्वीकृति के प्रमाण स्वरूप हस्ताक्षर कर दिए है) में दी गई समस्त शर्तो से बाध्य होना स्वीकार करते है साथ ही इस बात पर भी सहमति देते है कि मेरे/हमारे द्वारा निविदा के साथ संलग्न किए गए दस्तावेजों की प्रमाणिकता की जांच मेरे/हमारे द्वारा अपने स्तर पर कर ली गई है। सभी दस्तावेज विधिक/प्रक्रियात्मक/मौलिक रूप से सही है। यदि निविदा प्रक्रिया या निविदा प्रक्रिया के पश्चात् किसी भी स्तर पर उक्त दस्तावेजों की प्रमाणिकता असिद्ध होती है तो इसके लिए मैं/हम पूर्ण रूपेण उत्तरदायी रहूंगा/रहेंगे एवं इसके लिए विभाग किसी भी स्तर पर किसी भी समय बिना नोटिस दिए हमारी निविदा/अनुबंध को निरस्त करने/हमारे विरूद्ध कानून/विधिसम्मत दण्डात्मक कार्यवाही करने के लिए सक्षम होगा।

बिडदाता के हस्ताक्षर मय मुहर

बिड दाता का नाम :

पूर्ण पता

टेलीफोन नं. :
मोबाईल नं. :
ईमेल :

मय मुहर

बिडदाता के हस्ताक्षर

ब्लेक लिस्ट/अयोग्य न होने का प्रमाण पत्र

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि हमारी फर्म को केन्द्र या राज्य सरकार के किसी भी राजकीय विभाग/राजकीय संस्थान/निगम/बोर्ड आदि के द्वारा इलेक्ट्रोनिक आईटम (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, फोटो स्टेट मशीन, एयर कंडीशनर (मय Installation)) सप्लाई हेतु ब्लेक लिस्ट/अयोग्य घोषित नहीं किया गया है।

यदि यह घोषणा असत्य पाई जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही, जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी प्रतिभूति को पूर्ण रूप में समपृहत किया जा सकेगा तथा निविदा को, जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रद्द किया जा सकेगा।

बिडदाता के हस्ताक्षर मय मुहर

बिड दाता का नाम :

पूर्ण पता

टेलीफोन नं. :
मोबाईल नं. :
ईमेल :

Annexure-F

एस. आर. 11

-ःनिविदादाताओं द्वारा घोषणाः-

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि मैने/हमने जिन इलेक्ट्रोनिक आईटम (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, फोटो स्टेट मशीन, एयर कंडीशनर (मय Installation)) के लिए निविदा प्रस्तुत की है, उनका/उनके, मैं/हम बोनाफाईड विनिर्माता/थोक विक्रेता/सोल वितरक/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/विपणन एजेन्ट हूं/हैं। प्रमाण पत्र बिड प्रपत्र के साथ संलग्न है।

यदि यह घोषणा असत्य पाई जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही, जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी प्रतिभूति को पूर्ण रूप में समपृहत किया जा सकेगा तथा निविदा को, जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रद्द किया जा सकेगा।

बिडदाता के हस्ताक्षर मय मुहर

बिड दाता का नाम :

पूर्ण पता

टेलीफोन नं. :
मोबाईल नं. :
ईमेल :

मय मुहर

बिडदाता के हस्ताक्षर

Annexure-G

-:निविदादाताओं द्वारा घोषणाः-

(प्राईज फॉल क्लोज के अन्तर्गत)

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि इलेक्ट्रोनिक आईटम (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, फोटो स्टेट मशीन, एयर कंडीशनर (मय Installation)) के क्रयार्थ की जा रही दर संविदा के चालू रहने के दौरान किसी भी समय राज्य में किसी को दर संविदा कीमत से कम कीमत पर इलेक्ट्रोनिक आईटम (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, फोटो स्टेट मशीन, एयर कंडीशनर (मय Installation)) देने के लिए उसकी कीमत कोट करते/कम करते है तो उस दर संविदा के अधीन उपापन की विषय वस्तु के समस्त परिदान के लिए दर संविदा कीमत, कीमत कम करने या कोट करने की तारीख से स्वतः कम हो जायेगी और दर संविदा तदनुसार संशोधित की जायेगी । दर संविदा के संबंध में राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 29 की पालना की सहमती प्रदान करते है।

यदि यह घोषणा असत्य पाई जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही, जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी प्रतिभूति को पूर्ण रूप में समपृहत किया जा सकेगा तथा निविदा को, जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रद्द किया जा सकेगा।

बिडदाता के हस्ताक्षर मय मुहर

बिड दाता का नाम :

पूर्ण पता

टेलीफोन नं. :
मोबाईल नं. :
ईमेल :

मानकों के अनुसार सामग्री आपूर्ति घोषणा–पत्र

(रूपये 100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एंव नोटेरी पब्लिक से प्रमाणित)

मै/हम घोषणा करता हूँ/करते है कि मेरी/हमारी फर्म द्वारा आपूर्ति की गई इलेक्ट्रोनिक आईटम (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, फोटो स्टेट मशीन, एयर कंडीशनर (मय Installation)) यदि मानको के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण नही पाई जाती है तो उनको क्रय समिति, जिला एवं सेशन न्यायाधीश, टोंक को लौटाने या अस्वीकार करने का अधिकार होगा, जिसके लिए मैं सहमति प्रदान करते है/करता हूँ।

हमारी फर्म द्वारा आपूर्ति की गई उक्त इलेक्ट्रोनिक आईटम (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, फोटो स्टेट मशीन, एयर कंडीशनर (मय Installation)) निर्दिष्ट मानकों/गुणवत्ता के अनुरूप नहीं होने पर क्रय समिति द्वारा अस्वीकार किया जाता है तो उक्त इलेक्ट्रोनिक आईटम (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, फोटो स्टेट मशीन, एयर कंडीशनर) के स्थान पर मानकों/गुणवत्ता पूर्ण नये इलेक्ट्रोनिक आईटम (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, फोटो स्टेट मशीन, एयर कंडीशनर (मय Installation)) की आपूर्ति करेंगे/करूंगा।

यदि यह घोषणा असत्य पाई जाये तो किसी भी अन्य कार्यवाही जो की जा सकती है पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना मेरी/हमारी प्रतिभूति राशि को पूर्ण रूप से समपृहत किया जा सकेगा तथा निविदा को जिस सीमा तक स्वीकार किया गया है, रद्द किया जा सकेगा एवं आवश्यक विधिक कार्यवाही कर सकती है।

बिडदाता के हस्ताक्षर मय मुहर

बिड दाता का नाम :

पूर्ण पता

टेलीफोन नं. :
मोबाईल नं. :
ईमेल :

मय मुहर

बिडदाता के हस्ताक्षर

नवसृजित विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), टोंक जिला–टोंक के कार्यालय के लिए इलेक्ट्रोनिक आईटम (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, फाटो स्टेट मशीन, एयर कंडीशनर (मय Installation)) के क्रयार्थ दर संविदा शर्ते

नोटः– निविदादाताओं को इन शर्तो को सावधानीपूर्वक पढना चाहिए तथा निविदा प्रेषित करने समय इसकी पूर्णरूपेण पालना करनी चाहिए, इन शर्तो के प्रत्येक पृष्ठ को हस्ताक्षरित किया जाना आवश्यक है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। इस निविदा/अनुबन्ध के क्रम में ली जाने वाली सभी आपूर्ति पर सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम, 2013 प्रभावी होंगें।

1. निविदा दाताओं को निविदा सूचना, बिड प्रपत्र में दिए गए निर्देशों के अनुसार कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, टोंक के नाम से संबोधन करते हुए मुहर बंद लिफाफे में अपनी बिड प्रस्तुत करनी होगी। प्रथम लिफाफा तकनीकी निविदा का होगा जिस पर "तकनीकी बिड **नवसृजित विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), टोंक जिला–टोंक के कार्यालय के लिए इलेक्ट्रोनिक आईटम (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, फाटो स्टेट मशीन, एयर कंडीशनर (मय Installation)) के क्रयार्थ बिड**" लिखा होना चाहिए तथा दुसरा लिफाफा वित्तीय निविदा का होगा जिस पर "वित्तीय बिड **नवसृजित विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), टोंक जिला–टोंक के कार्यालय के लिए इलेक्ट्रोनिक आईटम (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, फाटो स्टेट मशीन, एयर कंडीशनर (मय Installation))** के क्रयार्थ बिड" लिखा होना चाहिए तथा निविदा दाता का नाम, पूर्ण पता व दूरभाष/मोबाईल नम्बर लिख कर मूहरबंद कर इन दोनो लिफाफो को एक बडे लिफाफे में डालकर निविदा प्रस्तुत करनी होगी।
2. उक्त बडे लिफाफे को मूहरबंद कर उस पर "**नवसृजित विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), टोंक जिला–टोंक के कार्यालय के लिए इलेक्ट्रोनिक आईटम (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, फाटो स्टेट मशीन, एयर कंडीशनर (मय Installation))** के क्रयार्थ बिड" लिखा जाना है तथा लिफाफे पर बोली लगाने वाले का **नाम, पूर्ण पता व दूरभाष/मोबाईल नम्बर** लिखा होना चाहिए। जो कि **जिला एवं सेशन न्यायाधीश, टोंक को सम्बोधित हो।** बिड प्रपत्र मूहरबंद लिफाफे में कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, टोंक में व्यक्तिगत रूप से जमा कराई जा सकती है अथवा रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की जा सकती है। यदि लिफाफे पर उपर्युक्तानुसार विववरण अंकित नही किया जाता है तो उपापन संस्था इसके परिणामों के बारे में कोई उत्तरदायित्व स्वीकार नहीं करेगी। डाक से प्राप्त होने वाली निविदाएं निर्धारित तिथी एवं समय तक कार्यालय को प्राप्त हो जानी चाहिए। देरी एवं विलम्ब से प्राप्त होने पर निविदा स्वीकार्य नही होगी।डाक डिलीवरी में रही किसी खामी के लिए उपापन संस्था कोई उत्तरदायित्व स्वीकार नही करेगी।
3. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र एवं शर्तो के प्रत्येक पृष्ठ पर शर्तो की स्वीकृति एवं सहमति स्वरूप हस्ताक्षर करने आवश्यक है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. <u>बोलीदाता द्वारा निम्नानुसार बोली दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगें :–</u>

<u>तकनीकी बोली लिफाफा</u> में निम्नानुसार दस्तावेज संलग्न करने होंगें–

(1) बिड प्रपत्र भरा हुआ व हस्ताक्षरित
(2) बिड प्रपत्र का शुल्क (रू. 200/– का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/नकद जमा की रसीद मूल)
(3) बिड प्रतिभूति राशि 2 प्रतिशत अर्थात 6000.00 रुपये का डीडी "जिला एवं सेशन न्यायाधीश, टोंक के नाम देय होगा।
(4) **Annexure –A,B,C,D,E,F,G,H,I** हस्ताक्षरित
(5) **GSTIN** पंजीयन प्रमाण पत्र की स्वयं प्रमाणित छायाप्रति
(6) निविदादाता को अन्तिम या नवीनतम **GST** रिटर्न की स्वयं प्रमाणित प्रति
(7) निविदादाता को पेनकार्ड की स्वयं प्रमाणित प्रतिलिपि
(8) निविदादाता को अन्तिम या नवीनतम आयकर रिटर्न की स्वयं प्रमाणित प्रति
(9) अन्य आवश्यक प्रमाणपत्र जो बिड शर्तो के अधीन आवश्यक हो।

<u>वित्तीय बोली लिफाफा</u> में निम्नानुसार दस्तावेज संलग्न करने होंगें–

(1) **Annexure – J** हस्ताक्षरित (वित्तीय बिड प्रपत्र)

5. निविदाएं/बोली निर्मात्री फर्म/ थोक विक्रेता/बोनाफाईड/प्राधिकृत डीलर/सोल एजेंट/विपणन एजेन्ट/ सद्व्यवहारी द्वारा ही दी जाएगी। अतः **Annexure–F**; एसआर–11 प्रपत्र) में घोषणा प्रस्तुत करेंगें।**साथ ही प्रमाण पत्र भी संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।**
6. **जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र एवं रिटर्नः–** बोलीदाता/निविदा दाता द्वारा जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यदि निविदादाता राज्य में प्रचलित जी0एस0टी0 अधिनियम

बिडदाता के हस्ताक्षर
मय मुहर

के अन्तर्गत पंजीकृत नही है तो वह बोली नहीं देगा। निविदादाता को फर्म का नवीनतम/अन्तिम जो उपलब्ध हो **जी0एस0टी0 रिटर्न की स्वयं प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करनी अनिवार्य होगी परन्तु यह दिनांक 31.03.2026 से पुराना नही होना चाहिए।** इसके बिना बोली रद्द की जाएगी।

7. **आयकर प्रमाण पत्र एवं पेन नम्बरः**–निविदादाता द्वारा पेन कार्ड की स्वयं प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी साथ ही अन्तिम एवं नवीनतम आयकर रिटर्न की स्वयं प्रमाणित प्रति भी तकनीकी बिड के साथ संलग्न करनी अनिवार्य होगी।
8. **बिड प्रपत्र का मूल्यः**–बिड प्रपत्र जिला एवं सेशन न्यायाधीश, टोंक कार्यालय में दिनांक 25.07.2025 को 12.00 पीएम तक डी0डी0/नकद रू. 200/– रू. जमा करा कर भी प्राप्त किए जा सकते है। **वेबसाईट से डाउनलोड किए गए निविदा प्रपत्र के साथ रू. 200/– का बैंक ड्राफ्ट जो जिला एवं सेशन न्यायाधीश, टोंक के पक्ष में टोंक देय हो, निविदा प्रस्तुत किए जाने की अन्तिम तिथि 25.07.2025 को 2.00 पीएम बजे तक तकनीकी बिड के साथ प्रस्तुत करना होगा अन्यथा निविदा स्वीकार्य नहीं होगी।**
9. **ब्लेक लिस्टेड के संबंध में घोषणाः**–निविदादाता/बोलीदाता फर्म को Annexure –E में इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उसे केन्द्र या राज्य सरकार के किसी भी न्यायालय/राजकीय विभाग/राजकीय संस्थान/निगम/बोर्ड आदि के द्वारा इलेक्ट्रोनिक आईटम (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, फोटो स्टेट मशीन, एयर कंडीशनर (मय Installation)) की आपूर्ति हेतु ब्लेक लिस्ट/अयोग्य घोषित नहीं किया गया है।
10. **निविदादाता द्वारा राजस्थान की लघु उद्योग इकाई के रूप में निविदा प्रस्तुत करने की स्थिति में निम्न प्रमाण पत्र संलग्न करने अनिवार्य होंगें :–** राजस्थान की लघु उद्योग इकाईयों जो आयुक्त, उद्योग विभाग, राजस्थान जयपुर अथवा सक्षम अधिकारी, जिला उद्योग केन्द्र सम्बन्धित जिला के पास रजिस्ट्रीकृत हैं अथवा एमएसएमई यूनिट का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें निविदत्त आईटम का स्पष्ट उल्लेख हो। उक्त दोनों प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही बिड प्रतिभूति/कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि व बोली प्रपत्र में नियमानुसार छूट दी जा सकेगी। उक्त दोनो प्रमाण पत्रों के अभाव में छूट का लाभ नहीं दिया जाएगा, और निर्धारित बिड प्रतिभूति/कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि के अभाव में प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।
11. **निविदा प्रपत्र का भरा जानाः**–निविदा प्रारूप पेन से भरे जाएंगे। पेंसिल से भरी गयी किसी भी निविदा पर विचार नही किया जाएगा। निविदादाता निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर और अंत में, निविदा के समस्त निबंधनों और शर्तो की स्वीकृति के प्रमाण स्वरूप हस्ताक्षर करेगा।
12. **दरों का अंकनः**–दरों को अंको में पेन से साफ–साफ लिखा जाएगा। गलतियां तथा/अथवा उपरी लेखन नहीं होना चाहिए। यदि कोई संशोधन हों तो उन्हें स्पष्ट रूप से किया जाए और उन पर तारीख सहित हस्ताक्षर किए जाऐं।
13. **सबलेट करनाः**–निविदादाता किसी अन्य आपूर्तिकर्ता को अपनी निविदा या उसका कोई महत्वपूर्ण भाग समनुदेशित नहीं करेगा या उपपट्टे (सबलेट) पर नहीं देगा।
14. **सामग्री का प्रदायः– बोली में समस्त कर, अधिभार (यदि कोई हो) पैकिंग, लोडिंग–अनलोडिंग, मजदूरी एवं कायदिश के अनुरूप सम्बन्धित केन्द्र यथा नवसृजित विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), टोंक जिला–टोंक के स्टोर कक्ष में सुरक्षित सुपुर्दगी (FOR Destination) तक का समस्त प्रकार का व्यय सम्मिलित होना चाहिए।** पूर्ववर्ती मामले में क्रय आदेश के साथ विहित प्रारूप में एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाएगा। स्थानीय प्रदायों के मामलें में दरों में समस्त कर आदि शामिल होंगे तथा सरकार द्वारा कोई गाडी भाडा/कार्टेज या परिवहन प्रभारों का भुगतान नही किया जाएगा। वित्तीय बिड प्रस्तुत करते समय निविदादाता को जी0एस0टी0 एवं अन्य समस्त प्रभारों का आंकलन कर इलेक्ट्रोनिक आईटम (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, फोटो स्टेट मशीन, एयर कंडीशनर (मय Installation)) की कीमत कोट की जानी होगी।
15. **मूल्य अधिमान :**–मूल्य अधिमानता/अधिमानता राजस्थान के उद्योगों द्वारा उत्पादित या विनिर्मित मालों पर या राजस्थान के बाहर उद्योगों द्वारा उत्पादित या विनिर्मित मालों की तुलना में भण्डार क्रय (राजस्थान के उद्योगों को अधिमानता) नियम, 1995 के अनुसार दी जाएगी।
16. **वित्तीय दरें एवं सामग्री की प्रदायगीः–**

(अ)वित्तीय बोलियों का मूल्यांकन राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 65 एवं 66 के प्रावधान के अनुसार होगा।

(ब)वित्तीय बोली प्रपत्र में दरें सभी प्रकार के खर्चो (जैसे जी0एस0टी0, भाडा, पैकिंग, मजदूरी, चुंगी एवं अन्य कर सहित) उल्लेखित की जाएगी। माल पहूँचाने का और उतरवाने का उत्तरदायित्व बोलीदाता का होगा। दरों में जीएसटी की राशि सम्मिलित की जावे। सभी प्रकार के जीएसटी(CGST/RGST/IGST) का भुगतान बिल पर अलग से नहीं किया जाएगा उसे कोट की गई दर में ही सम्मिलित माना जाएगा।

(स)बोलीदाता आवश्यक रूप से मूल दर(समस्त खर्चो सहित) का कॉलम में अंकन करेगा। यदि बोलीदाता वित्तीय बिड में किसी प्रकार के जीएसटी का मूल दर के निर्धारित कॉलम में मूल दर में जोड कर अंकन नही करता है तो दर सहित मानी जावेगी। ऐसी परिस्थिति में जीएसटी को

 बिडदाता के हस्ताक्षर

मय मुहर

अलग से दर्शाने या निविदादाता का किसी प्रकार का स्पष्टीकरण स्वीकार्य नही होगा। वित्तीय बिड में अंकित दर पर सरकार की तत्समय लागू जीएसटी दर से नियमानुसार जीएसटी राशि देय होगी उसे सम्मिलित किया गया है यह मान लिया जाएगा।

(द)निविदा के साथ संलग्न सूची में वर्णित इलेक्ट्रोनिक के प्रत्येक आईटम की एकल दरें ही मान्य होगी एक से अधिक दरें देने पर संबंधित आईटम की दर अस्वीकार्य होगी।

(य) इलेक्ट्रोनिक की प्रति आईटम प्राप्त न्यूनतम अथवा लाभकारी दर को स्वीकृत किया जाएगा इसमें उपापन संस्था का निर्णय मान्य होगा। किसी निविदादाता को एक अथवा एक से अधिक इलेक्ट्रोनिक आईटम (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, फोटो स्टेट मशीन, एयर कंडीशनर (मय Installation)) का कार्यादेश दिया जा सकेगा। परन्तु सम्पूर्ण सामग्री का कार्यादेश दिया जाना अनिवार्य नही होगा।

17. **कार्यादेश की मात्रा एवं राशि की सीमाः-** इलेक्ट्रोनिक आईटम क्रयार्थ वित्तीय बिड में प्रत्येक आईटम के स्पेशिफिकेशन के अनुसार अनुमानित मात्रा का उल्लेख है। यह अनुमानित मात्रा उपरोक्त वर्णित **नवसृजित विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), टोंक जिला-टोंक** के लिए है। दर अनुमोदन पश्चात क्रय अधिकारी द्वारा सामग्री आपूर्ति दिये गये आदेशानुसार निविदादाता सम्बन्धित सामग्री की मात्रा सम्बन्धित न्यायालय में पहुंचानी होगी।

यदि क्रय अधिकारी निविदत्त इलेक्ट्रोनिक आईटम (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, फोटो स्टेट मशीन, एयर कंडीशनर (मय Installation)) में से किसी वस्तु का क्रय नहीं करता या निविदा प्ररूप में वर्णित मात्रा से कम का क्रय करता है तो निविदादाता मुआवजे हेतु किसी दावें का हकदार नहीं होगा। दरें बोली खोले जाने की दिनांक से 31.03.2026 तक के लिए लागू रहेंगी। निविदादाता को चाहे कार्य आदेश अलग-अलग समयावधी में दिये जाएं उसके द्वारा बिड प्रपत्र में भरी गई दरें ही दिनांक 31.03.2026 तक मान्य रहेगी एवं उन्ही दरों पर भुगतान स्वीकृत किया जाएगा।

संविदा में इलेक्ट्रोनिक आईटम (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, फोटो स्टेट मशीन, एयर कंडीशनर (मय Installation)) के क्रयार्थ अनुमानित लागत का उल्लेख किया गया है। निविदादाता को उक्त लागत तक कार्य आदेश स्वीकृत किया जाना अनिवार्य नहीं होगा और विभाग द्वारा स्वीकृत बजट प्रावधान अधिक प्राप्त होने पर अनुमानित लागत से अधिक परन्तु स्वीकृत बजट प्रावधान के अन्तर्गत एवं बजट सीमा में कार्य आदेश स्वीकृत/अनुमोदित दरों पर दिनांक 31.03.2026 तक दिये जा सकेगें। अनुमानित लागत से कम या अधिक के कार्य आदेश देने हेतु उपापन संस्था स्वतंत्र रहेगी।

18. **विधिमान्यता :-** निविदाऐं, निविदा खोले जाने की तारीख से तीन मास की कालावधि हेतु विधि मान्य होगी।

19. **निरीक्षण :-**

(क) क्रय अधिकारी या उसका सम्यक् रूप से प्राधिकृत समस्त उपयुक्त समयों पर प्रदायक के परिसर में पहुँच सकेगा और उसे समस्त उपयुक्त समयों पर निरीक्षण तथा परीक्षण करने की शक्ति होगी। क्रय समिति सामग्री का नमूना कार्यालय में मंगवाकर निरीक्षण की अपेक्षा कर सकती है। इस पर होने वाला व्यय की समस्त जिम्मेदारी निविदादाता की होगी, जिसका समायोजन/पुनर्भरण देय नहीं होगा। इस व्यय का निविदादाता कोई दावा/अधिकार प्रस्तुत करता है तो वह मान्य नहीं होगा।

(ख) निविदादाता अपने कार्यालय, गोदाम और वर्कशॉप के परिसर का पूरा पता प्रस्तुत करेगा जहाँ निरीक्षण किया जा सकता है और साथ ही उस व्यक्ति का नाम और पता भी प्रस्तुत करेगा जिससे इस प्रयोजनार्थ सम्पर्क किया जाना है। उन डीलरों के मामले में जो कारोबार में नवीन रूप से प्रविष्ट हुए है, उनके बैंकर से परिचय पत्र आवश्यक होगा।

20. **अस्वीकृत किया जाना :-**

(अ)निरीक्षण के या परीक्षण के दौरान अनुमोदित न की गयी वस्तुओं को अस्वीकृत कर दिया जाएगा और उन्हें क्रय अधिकारी द्वारा नियत किए गए समय के भीतर निविदादाता अपने स्वयं के व्यय पर बदलेगा।

(ब)तथापि, यदि सरकारी कार्य की अपेक्षाओं के कारण ऐसा प्रतिस्थापन पूर्णतः या अंशतः साध्य न समझा जाए तो क्रय अधिकारी, निविदादाता को सुनवाई का एक अवसर प्रदान करने के पश्चात् कारणों को अभिलिखित करके, अनुमोदित दरों से उपयुक्त रकम की कटौती कर लेगा। इस प्रकार की गयी कटौती अंतिम होगी।

(स) समिति द्वारा अस्वीकृत सामग्री या इलेक्ट्रोनिक आईटम (कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, फोटो स्टेट मशीन, एयर कंडीशनर (मय Installation)) निविदादाता द्वारा हटा दी जाएंगी, उसके पश्चात् क्रय अधिकारी किसी नुकसान, कमी या हानि हेतु दायी नहीं होगा और उसे अधिकार होगा कि वह निविदादाता की जोखिम पर और उक्त कारण से ऐसी वस्तुओं का निपटान उस रीति से कर दे जिसे वह उपयुक्त समझे।

21. **पैकिंग :-** निविदादाता द्वारा समुचित आकार प्रकार में व्यवस्थित रूप से आदेशानुसार संबंधित गन्तव्य स्थल पर आपूर्ति की जावेगी ।

निविदा दाता उचित पैकिंग करने के लिए उत्तरदायी होगा ताकि समुद्र, रेल, सडक या वायुयान द्वारा परिवहन की सामान्य स्थिति में उनमें कोई नुकसान न हो तथा गन्तव्य स्थल पर

बिडदाता के हस्ताक्षर

माल प्राप्त कर्ता को माल की सुपुर्दगी अच्छी दशा में प्राप्त हो सके। किसी प्रकार की हानि, नुकसान, टूट-फूट या रिसाव (लीकेज) या किसी कमी होने के मामले में, माल प्राप्तकर्ता द्वारा उन सामग्रियों की जांच/निरीक्षण किए जाने पर पाई गई ऐसी हानि एवं कमी की पूर्ति करने के लिए निविदादाता उत्तरदायी होगा। इसके लिए कोई अतिरिक्त लागत अनुज्ञेय नहीं होगी।

22. **राज्याधिकारी व कर्मचारी को प्रलोभन** देनाः-बोली स्वीकृति हेतु अथवा बोली संबंधी किसी कार्य हेतु प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से किसी प्रकार विभाग के किसी भी अधिकारी व कर्मचारी को प्रलोभन देना या उनके पास सिफारिश पहूँचाना, गम्भीर अपराध समझा जावेगा तथा ऐसे बोलीदाता की बोली स्वीकार्य नही की जाएगी। और यदि स्वीकृत हो जाती है तो किसी भी समय रद्द की जा सकती है। निविदादाता की या उसके प्रतिनिधि की ओर से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष पक्ष प्रचार निरर्हता होगा।

23. प्रदाय हेतु संविदा को, यदि माल की सप्लाई क्रेता अधिकारी की सन्तुष्टि के अनुसार नहीं की जाती है तो निविदादाता को सुनवाई का एक युक्तियुक्त अवसर देने के बाद क्रेता अधिकारी किसी भी समय निराकृत करने के कारणों को अभिलिखत करेगा।

24. **परिदान कालावधिः-** जिस निविदादाता की निविदा स्वीकृत हो चुकी है वह सम्बन्धित कार्यालय द्वारा प्रदाय आदेश की तारीख से निर्धारित कालावधि **(30 दिवस)** के भीतर प्रदाय हेतु व्यवस्था करेगा।

25. **बिड प्रतिभूति राशिः-** वित्त विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ. 2(1)वित्त/जीएण्डटी/एसपीएफसी/2017 दिनांक 18.12.2020 के के अनुसार नियम 42 के फलस्वरूप 2 प्रतिशत बिड प्रतिभूति राशि डीडी के माध्यम से "जिला एवं सेशन न्यायाधीश, टोंक" के नाम से देय होगी। उक्त प्रतिभूति राशि (डीडी) के अभाव बिड स्वीकार्य नही होगी।

26. **बिड प्रतिभूति घोषणा का समपहरण** :- बिड प्रतिभूति घोषणा का निम्नलिखित स्थितियों में समपहरण किया जा सकेगा :-

(I) जब निविदादाता निविदा खोले जाने के पश्चात् किन्तु निविदा की स्वीकृति के पूर्व निविदा वापस ले लेता है या प्रस्ताव को उपान्तरित कर देता है।

(II) जब निविदादाता विनिर्दिष्ट समय के भीतर विहित करार यदि हो, निष्पादित नहीं करता।

(III) जब प्रदाय आदेश दिए जाने के पश्चात् निविदादाता प्रतिभूति राशि जमा नहीं कराता।

(IV) जब वह विहित समय के भीतर प्रदाय आदेश के अनुसार मदों का प्रदाय प्रारम्भ करने में विफल रहता है।

(V) जब कोई बोलीदाता स्वीकृत की गई दरों की सूचना के 7 दिवस में अथवा वृद्धि की गई अवधि में निर्धारित कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जमा नही कराता है एवं समस्त अनुमोदित वस्तु की आर्पूति हेतु निर्धारित अनुबंध पत्र भरकर नहीं देता है, तो बोलीदाता की जमा बोली प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जावेगी। इस हेतु किसी प्रकार की पूर्व सूचना बोलीदाता को नही दी जावेगी।

(VI) यदि बोली लगाने वाला राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 वं नियम 2013 के अध्याय 6 में विनिर्दिष्ट बोली लगाने वालो के लिए सत्यनिष्ठा की संहिता के किसी उपबन्ध को भंग करता है।

(VII) बोली प्रतिभूति निक्षेप को समपहृत करने के मामले में युक्तियक्त समय पूर्व नोटिस दिया जाएगा। इस संबंध में उपापन संस्था का निर्णय अंतिम होगा।

27. निविदा प्रपत्र में सुपुर्दगी के लिए विनिर्दिष्ट समय को संविदा के सार रूप में समझा जाएगा तथा सफल निविदादाता क्रय समिति से स्पष्ट आदेश के प्राप्त होने पर अवधि के भीतर प्रदाय करेगा।

28. **करार का निष्पादनः-**

1-उपापन संविदा ऐसी तारीख से प्रवृत होगी जिसको स्वीकृति पत्र या आशय पत्र बोली लगाने वाले को प्रेषित किया जाता है।

2-सफल बोली लगाने वाले को 7 दिवस के भीतर, जिस पर सफल बोली लगाने वाले को स्वीकृत पत्र या आशय पत्र प्रेषित किया जाता है। उपापन संविदा पर हस्ताक्षर करने होगें।

3-यदि बोली लगाने वाला, जिसकी बोली स्वीकृत की जा चुकी है 7 दिवस के भीतर संविदा पर हस्ताक्षर करने में विफल रहता है तो उपापन संस्था, सफल बोली लगाने वाले के विरूद्ध अधिनियम या इन नियमों के उपबन्धों के अनुसार कार्यवाही करेगी। ऐसे मामलों में कार्यालय उपापन प्रक्रिया को रद्द कर सकेगा या उचित समझे तो, बोली दस्तावेज मे उपवर्णित कसौटी और प्रक्रियाओं के अनुसार, न्यूनतम या सर्वाधिक लाभप्रद दरों पर अगले न्यूनतम या सर्वाधिक लाभप्रद दर की बोली लगाने वाले को, स्वीकृति का प्रस्ताव दे सकेगा।

4-बोली लगाने वाले को, उसके खर्चे पर विनिर्दिष्ट मूल्य 500/- रू. के नोन ज्युडिशियल स्टाम्प पर करार निष्पादित करना होगा तथा उपापन संस्था को मूल करार पत्र उपलब्ध कराना होगा।

5-बोलीदाता द्वारा बोली में दी गई दरे वित्तीय बोली खोलने की दिनांक से 31.03.2026 तक निर्णय हेतु वैध होगी एवं बोलीदाता बोली में दी गई दरों पर अनुबंध करने को बाध्य होगा अन्यथा बोली शर्त संख्या 26 अनुसार कार्यवाही की जावेगी। अनुबंध हो जाने के पश्चात् स्वीकृत दरों की वैधता शर्त संख्या 17 से नियंत्रित होगी।

बिडदाता के हस्ताक्षर

मय मुहर

निविदादाता करार के निष्पादन के समय निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करेगा :-
(I) भागीदारी फर्मो के मामलें मे भागीदारी विलेख की एक अनुप्रमाणित प्रतिलिपिं। (II) यदि फर्म, फर्मो के रजिस्ट्रार के पास रजिस्ट्रीकृत हो तो रजिस्ट्रीकरण क्रमांक और रजिस्ट्रीकरण का वर्ष (III) एक मात्र स्वत्वधारित की दशा में निवास तथा कार्यालय का पता, टेलीफोन संख्यांक (IV) कम्पनी की दशा में कम्पनी रजिस्ट्रार द्वारा जारी किया गया रजिस्ट्रीकरण।

29. **कार्य सम्पादन प्रतिभूतिः-**

1-सफल निविदादाता को जिन कम्प्यूटर हार्डवेयर सामग्री (मय Installation)) के लिये निविदाएं स्वीकार की गई है उनके निविदा मूल्य का 5 प्रतिशत राशि (2 प्रतिशत प्रतिभूति राशि को समयोजित करते हुये) अनुबंध निष्पादन के समय कार्य सम्पादन प्रतिभूति के रूप में जमा करानी होगी। एमएसएमई/ एसएसआई यूनिट को बिन्दू संख्या 10 की पालना पर ही कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि में नियमानुसार छूट देय होगी अन्यथा नहीं।

2-कार्य सम्पादन प्रतिभूति पर विभाग द्वारा ब्याज का भुगतान नही किया जायेगा।

3-कार्य सम्पादन प्रतिभूति हेतु बैंक ड्राफ्ट जो जिला एवं सेशन न्यायाधीश, टोंक के नाम से देय हो एवं टोंक मुख्यालय पर भुगतान योग्य हो स्वीकार किया जायेगा।

4-कार्यादेश में दी गई सामग्री की संतोषप्रद रूप से आपूर्ति की जाने पर एवं इससे संतुष्ट हो जाने पर कि निविदादाता के विरूद्ध कोई देय बकाया नही हैं, प्रतिभूति राशि का नियमानुसार प्रतिदाय किया जाएगा।

